खबर संक्षेप

## प्रभारी कलेक्टर ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक ली



**मण्डला।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक ली। बैठक में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कोडिंग सिखाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर श्री कूमट ने प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कम्प्यूटर शिक्षा का महत्व सर्वविदित है और कोडिंग एक महत्वपूर्ण कौशल है जो विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने में सहायक होगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन जल्द ही इस दिशा में एक विस्तृत कार्ययोजना लेकर आएगा, जिसके तहत स्कूलों में कोडिंग की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। बैठक के दौरान प्राचार्यों को ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC) के माध्यम से कम्प्यूटर में कोडिंग के संबंध में प्रारंभिक प्रशिक्षण भी दिया गया। बैठक में सहायक आयुक्त, सहायक संचालक, बीईओ, एपीसी, क्षेत्र सयोजक एवं प्राचार्य उपस्थित थे।


शिक्षा व्यवस्था पर अधिकारियों की मिलीभगत का असर

# जिले में अनवरत जारी है संलग्नीकरण

* आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के आदेश का नहीं हो रहा पालन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





पृ.क्रमांक / सहा.आयु / शि.स्था. / 2025 / 1775
मंडला दिनांक 13/02/2025
प्रतिलिपि :-
1 विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंडला की ओर सूचनार्थ।
2 प्राचार्य उ.मा.वि. ____ / हाईस्कूल सेमरखापा की ओर सूचनार्थ।
3 प्रधानपाठक बा.प्रा.शा.सेमरखापा / मेनब्रांच मंडला की ओर सूचनार्थ।
4 श्रीमती समता सीनी प्राथमिक शिक्षक शासकीय बालक प्राथमिक शाला सेमरखापा विकासखंड मंडला की ओर पालनार्थ।
सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग मंडला

जिले में शिक्षकों के संलग्नीकरण और स्थानांतरण की प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी करने का खेल अभी भी जारी है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को मनमाने तरीके से स्थानांतरित करने का यह सिलसिला अब एक गंभीर मुद्दा बन चुका है, जिसका असर जिले की शिक्षा व्यवस्था पर पड़ रहा है। इस मुद्दे पर जबावदार अधिकारियों की चुप्पी और आयुक्त जनजाति कार्य विभाग भोपाल के स्पष्ट आदेशों का उल्लंघन हो रहा है, जिससे जिले के नागरिकों में गुस्सा और असंतोष का माहौल बना हुआ है।

### नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए शिक्षकों का स्थानांतरण

जिले में ग्रामीण क्षेत्रों से शिक्षकों को बिना आवश्यकता के शहरी स्कूलों में स्थानांतरित किया जा रहा है, जबकि इन शहरी स्कूलों में शिक्षकों की संख्या पहले ही अधिक है। यही नहीं, कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है, लेकिन यह नजरअंदाज किया जा रहा है। आयुक्त जनजाति कार्य विभाग भोपाल के द्वारा 10 दिसंबर 2024 को जारी किए गए आदेश में यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि जिले और संभाग स्तर पर बिना सक्षम अनुमोदन के किसी भी शिक्षक का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद, विभागीय अधिकारियों द्वारा इस आदेश का उल्लंघन करते हुए स्थानांतरण और संलग्नीकरण की प्रक्रिया लगातार जारी रखी गई है।

आयुक्त के आदेश में यह भी उल्लेख किया गया था कि इस प्रकार के अनियमित स्थानांतरण और संलग्नीकरण को तत्काल निरस्त कर प्रमाण-पत्र 16 दिसंबर 2024 तक उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, यह चेतावनी दी गई थी कि यदि इस प्रकार की कार्रवाई जारी रही, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। लेकिन अभी तक इस आदेश का पालन नहीं हो पाया है, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या अधिकारियों द्वारा इस आदेश को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है।

### सहायक आयुक्त पर उठते सवाल

सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि उन्होंने आयुक्त के आदेशों का पालन नहीं किया और अब भी शिक्षकों का स्थानांतरण कर रहे हैं। हाल ही में जनजातीय कार्य विभाग ने 13 फरवरी 2025 को अपने पत्र के माध्यम से शासकीय बालक प्राथमिक शाला सेमरखापा, विकासखंड मंडला से शासकीय प्राथमिक शाला मेनब्रांच मंडला में एक शिक्षक का स्थानांतरण किया। जबकि जानकारी अनुसार मेन ब्रांच में आवश्यकता अनुसार शिक्षक थे इसके बाद एक और शिक्षक का संलग्नीकरण किया जाना मिली भगत की ओर इशारा करता है। साथ ही इस स्थानांतरण के द्वारा सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के आदेशों को खुले तौर पर नजरअंदाज किया गया है।

### शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और भ्रष्टाचार की आशंका

मण्डला जिले में अधिकारियों की मिलीभगत और भ्रष्टाचार के कारण शिक्षा व्यवस्था दिन-ब-दिन बदहाल होती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, और शहरी क्षेत्रों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक पदस्थ हो रहे हैं। जिले के नागरिक और अभिभावक इस बात को लेकर बेहद नाराज हैं और उनका मानना है कि यह सब शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के कारण हो रहा है। नागरिकों का सवाल है कि आखिर विभागीय अधिकारियों ने आयुक्त के आदेश को क्यों नजरअंदाज किया, और क्या इसके पीछे किसी प्रकार की मिलीभगत या भ्रष्टाचार हो रहा है?

अभिभावकों का कहना है कि इस खेल के कारण बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। शिक्षकों के असामयिक स्थानांतरण से स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। यह स्थिति न केवल बच्चों के भविष्य के लिए खतरनाक है, बल्कि पूरे जिले की शिक्षा व्यवस्था को भी कमजोर बना रही है।

### जनता का बढ़ता हुआ असंतोष

जिले की जनता में इस मुद्दे को लेकर असंतोष का माहौल गहरा रहा है। नागरिकों का कहना है कि जब आयुक्त का आदेश साफ और स्पष्ट था, तो फिर अधिकारियों ने उसे क्यों नजरअंदाज किया? वे चाहते हैं कि इस मामले में सख्त कार्रवाई हो और जिम्मेदार अधिकारियों को उनके कृत्यों के लिए दंडित किया जाए। क्या विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

### इनका कहना है:-

*आपके द्वारा दी गयी जानकारी के संबंध मे रिकार्ड दिखवा लेती हूँ कि किन परिस्थितियों मे ट्रांसफर/संलग्नीकरण किया गया है।*

**बंदना गुप्ता**
**सहायक आयुक्त**
**जनजातीय कार्य विभाग, मण्डला**

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है, जिसकी जांच कराकर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। आगामी सामान्य सभा की बैठक मे यह मामला रखा जायेगा।*
*कमलेश तेकाम*

**उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष शिक्षा समिति जिला पंचायत, मण्डला**

## दो ट्रैकों का आपस में टकराने से घंटा लगा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

नेशनल हाईवे जबलपुर से रायपुर टिकरिया थाने से 300 मी दूर पत्ती गोदाम में सुबह 8:00 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 10 ओ 2151 ड्राइवर फागु सिंह पिता संतराम उम्र 34 वर्ष निवासी बैल छत्तीसगढ़ का रहने वाला जो की रायपुर से जबलपुर जा रहा था ट्रक में रेलवे का सामान भरा हुआ था आपस में टकराने के कारण ड्राइवर फागु सिंह ट्रक में ही फंसा रहा या घटना सुबह 8:00 बजे की है दूसरा ट्रक क्रमांक आरजे 01 जीडी 7121 जो की जबलपुर से रायपुर जा रहा था जिसमें ड्राइवर प्रधान पिता रामदेव उम्र 36 वर्ष निवासी अजमेर का है फागु पिता संतराम को ट्रक में फंसा होने के कारण बहुत समय के बाद स्टेरिंग काटकर निकल गया जिसे समुदाय केंद्र नारायणगंज से जबलपुर रेफर कर दिया गया है सुबह 8:00 बजे से 11:00 तक जाम लग रहा जिसमें सुबह से ही एस आई शुक्ला एवं प्रशांत बघेल शरद ताराम पुलिस वहां पर मौजूद रही ड्राइवर के लिए स्वास्थ्य विभाग नारायणगंज के डॉक्टर बिश्नोई वहां उपस्थित रहे जब तक ड्राइवर ट्रक से बाहर नहीं निकला लगातार उसके स्वास्थ्य पर नजर रखी गई तेज धूप होने के कारण लोगों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ा पुलिस बल द्वारा जाम की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल वहां पर लगाया गया।



# बहुप्रतीक्षित पड़रिया मार्ग का काम पूर्ण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज





जनपद पंचायत नारायणगंज से पड़रिया मार्ग जो की कई सालों से वहां के लोगों ने मांग की थी कि पडरिया से नारायणगंज रोड जर्जर स्थिति में है यहां से पैदल चलना मुश्किल हो रहा है मार्ग कच्चा होने के कारण बरसात के दिनों में बाजार हाट आने पर परेशानी का सामना करना पड़ता है छात्रों को स्कूल जाने में एवं रात में मरीज को आने में दिक्कत होती है नारायणगंज से पड़रिया जाने में 3 किलोमीटर दूरी पड़ती है जिसके कारण लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है इस मार्ग में करीब 10 से 12 गांव जुड़े हुए हैं जो कि इसी मार्ग से आना-जाना होता है उन सभी को गर्मी के दिन हो गया बरसात के दिन सभी में बहुत परेशानी होती है आने-जाने में इस कारण से लोगों ने लगातार मांग होने के कारण ग्राम पंचायत पड़रिया के सरपंच राजकुमार तेकाम एवं जनप्रतिनिधियों और पंचों के प्रयासों से पक्की सड़क का निर्माण कराया गया जिससे लोगों में हर्षोल्लास है इसी तरह ग्राम पंचायत में ऐसे कई मार्ग हैं जिन्हें मरम्मत करने की आवश्यकता है जो कि कई सालों से प्रयास करने के बाद भी अभी तक मांग की जा रही है।

## जो हम दूसरों को देते हैं, वही हमें वापस मिलता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



निवास के आईटीआई में चल रही श्रीमद् भागवत का आज पूजन, हवन भण्डारा के साथ समापन किया जाएगा। रविवार को कथावाचक पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने बताया कि जब मनुष्य प्रेम, करुणा और भक्ति से परिपूर्ण होता है, तब उसके जीवन में कोई दुख नहीं ठहरता। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मात्र ही मनुष्य के सभी सांसारिक पाप नष्ट कर देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।

कथावाचक ने कर्म के सिद्धांत को समझाते हुए कहा कि जीवन में जो हम दूसरों को देते हैं, वही हमें वापस मिलता है। प्रेम का बदला प्रेम से, सहयोग का बदला सहयोग से मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि हम किसी को कष्ट देंगे, तो हमें भी कष्ट झेलने के लिए तैयार रहना होगा। भगवान भक्ति और प्रेम के भूखे हैं। भक्त ने जिस रूप में भगवान को चाहा, वे उसी रूप में प्राप्त हुए। कथा व्यास ने रुक्मिणी द्वारा श्री कृष्ण को लिखे गए पत्र को भजन के रूप में प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं ने भी भजन को दोहराकर भक्ति रस का आनंद लिया। बताया गया कि आईटीआई परिसर में 8 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत की गई थी।

आयोजन | राममंदिर में हुआ अखंड रामधुन का समापन पर हवन भंडारा।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

* नगर में निकली शानदार शोभायात्रा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया








आज नगर में संकट मोचन हनुमान जी महाराज का जन्म महोत्सव जगह-जगह धूमधाम से मनाया गया। नगर के सभी मंदिर में भव्य श्रृंगार के साथ ही विद्युत से साज सज्जा की गई जगह-जगह हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों को चोला चढ़ाया गया गया। शनिवार को प्रातः से ही मंदिरों में पूजन अर्चन शुरू हो गई जो देर रात्रि महावीर पवन पुत्र अंजनी कुमार के जयकारे लगते रहे ओर हवन पूजन भी चलते रहे। अनेक जगह अखंड रामधुन कही सुंदरकांड पाठ के साथ ही हनुमान चालीसा जैसे आयोजन किया गए, साथ में भंडारे का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### भुआबिछिया राममंदिर में हुई राम धुन भंडारा

इसी कड़ी में नगर के राममंदिर में एक दिवस पूर्व शुरू हुई राम धुन के समापन पर हवन के साथ विशाल भंडारा किया गया जहां हजारों लोगों भोजन प्रसाद ग्रहण किया, हनुमान नाला हनुमान मंदिर में विशाल रामधुन के साथ चोला चढ़ाया गया अभिषेक कर भंडारा प्रसाद वितरण किया गया, बस स्टेड प्राचीन दक्षिणी मुखी हनुमान मंदिर में सुबह 10 बजे हवन पूजन के साथ प्रसाद वितरण किया गया किया गया वेयर हाउस जनपद कॉम्प्लेक्स हनुमान मंदिर में पूजन हवन आरती प्रसाद वितरण किया गया जंतीपुर हनुमान मंदिर में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए और महावीर हनुमान जी की झांकी केआतिश बाजी बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा निकली गई जिसका पूरे नगर में स्वागत किया गया प्रसाद वितरण के साथ-साथ हवन और भंडारा किया गया पुलिस थाना हनुमान मंदिर में भी पूजन आरती चालीसा पाठ किया गया हनुमान टेकरी में भी हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया अभिषेक कर प्रसाद वितरण किया गया इस तरह नगर सहित क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरो में सुबह से शाम रात्रि तक आयोजन किए गए।

संपूर्ण नगर में भगवा मय दिखा नगर के पूरे सड़क मार्ग वार्डों में एवं मंदिरों देवालयों में भगवा ध्वज लगाए गए यह काम बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया जिससे पूरा नगर भगवा में दिखा।

### शाम को निकली नगर में भव्य शोभायात्रा

शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा जंतीपुर समिति की अगुवाई मे निकली इस शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पडा। इस दौरान पुरूषों के साथ छोटे-छोटे बच्चे व महिलाएं केसरिया रंग में भगवा झंडा लिए जय श्री राम, बजरंगबली के नारे लगा रहे थे । जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। खासकर घर-घर भगवा छाएगा, राम राज्य फिर आएगा जैसे स्लोगन से पूरे शोभा यात्रा के दौरान गूंजता रहा। शोभा यात्रा मे भारी संख्या में महिलाओं ने उत्साह के साथ शिरकत किया। शोभा यात्रा मे मनोरम झाकियां लोगो को आकर्षित कर रही थी। सुसज्जित रथ पर निकली राम दरबार की झांकी भी भक्तों के बीच आकर्षण का केन्द्र बना रहा । नगर में अनेक स्थानों पर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया।

## करंट लगने से घायल हुए व्यक्ति को, डायल-112/100 जवानों ने पहुँचाया अस्पताल



**मण्डला।** मण्डला के थाना बम्हनी क्षेत्र में धोर गाँव में इलैक्ट्रिक शॉक लग जाने एक व्यक्ति घायल हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 13-04-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बम्हनी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक गणेश सिंह एवं पायलेट रत्नेश दुबे ने मौके पर पहुँचकर बताया कि घरेलू काम करते समय बिजली के तार से इलैक्ट्रिक शॉक लगने से राजेश सिंह उम्र 48 साल निवासी धोर घायल हो गये थे। डायल 112/100 जवानों द्वारा घायल व्यक्ति को जिला चिकित्सालय मंडला में भर्ती करवाया। जहाँ पीड़ित व्यक्ति का उपचार किया जा रहा है।

## फतह दरवाजा स्कूल पड़ाव शिफ्ट करने के, आदेशों पर सस्पेंस बरकरार

* नगर मे फतह दरवाजा स्कूल किस आदेश से पडाव मे संचालित हुआ विभागीय अधिकारियों को नही है जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शहर के सबसे पुराने और चर्चित फतह दरवाजा स्कूल को लेकर एक गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। जिला अस्पताल के सामने स्थित इस स्कूल को वर्षों पहले किसी अज्ञात कारण से पड़ाव क्षेत्र की कन्या शाला परिसर में शिफ्ट कर दिया गया। जबकि आज भी यह स्कूल शासकीय दस्तावेजों में ₹फतह दरवाजा स्कूल₹ के नाम से दर्ज है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पूर्व में जहां यह स्कूल संचालित था, वहां अब नगरपालिका द्वारा व्यवसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण करा दिया गया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह निर्माण किस विभागीय आदेश या एनओसी के आधार पर किया गया?

जब इस विषय में जानकारी चाही गई तो न तो नगरपालिका और न ही शिक्षा विभाग ने स्पष्ट जानकारी दी। आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी को जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे विभागों की ओर हस्तांतरित करते रहे। सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग से लेकर जिला शिक्षा केन्द्र तक मामला घुमाया गया, और अंत में जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा यह जबाव एक पंक्ति मे देकर पल्ला झाड़ लिया गया कि यह स्कूल शहरी क्षेत्र होने के कारण नगरपालिका के अधीन आता है, अतः जानकारी उपलब्ध नहीं है।

जबकि स्थानीय सूत्रों का कहना है कि स्कूल का संचालन शिक्षा विभाग द्वारा हो रहा है, न कि नगरपालिका द्वारा। ऐसे में यह गैरजिम्मेदाराना कार्यप्रणाली कई सवाल खड़े करती है।

जनहित से जुड़ा यह मामला आज भी अनुत्तरित है कि स्कूल को क्यों और कैसे शिफ्ट किया गया और उसकी मूल जमीन पर किस आदेश से काम्प्लेक्स बना? जिला प्रशासन से मांग की जा रही है कि इस मामले की गंभीरता से जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जाए।

खबर संक्षेप

## नवरात्र के बाद हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर खुलरी में फिर बही धर्म की गंगा, अंजनी के लल्ला की शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब

**खुलरी।** ग्राम खुलरी की जो परम्परा रही है कि धार्मिक आयोजना को जिस तरह मिलजुलकर मनाया जाता है उसका उदाहरण नवरात्र के बाद हनुमान जन्मोत्सव के दौरान फिर देखने मिला। बताया जाता है कि बीते हुये शनिवार व पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम खुलरी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान पर पवनपुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाने के लिये सुबह से ही लोग नजर आने लगे थें। वही यहां पर ग्रामवासियों द्वारा एकत्र होकर पूजन अर्चन करने के साथ साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो रामलीला मैदान से शुरू होकर बस स्टेड मडिया से मंदिर मंगले बाजार मुहल्ला, से होते हुये हनुमान गांव की रास्ते वापिस राम लीला मैदान पंचायत भवन संकट मोचक हनुमान मंदिर पहुंची। इस शोभायात्रा में जिस तरह युवा पूर्ण रूप से मारूती नंदन की भक्ति में लीन होकर जयघोष कर रहे थें तो दूसरी ओर बाहर से आये हुये कलाकारों द्वारा किये गये प्रदर्शन के चलते सभी लोग मग्न होने से नही चूक पाये।

## रामदूत हनुमान के जन्मोत्सव के चलते देर रात मंदिरों में चलते रहे धार्मिक कार्यक्रम, भंडारे प्रसादी ग्रहण करने उमड़ी भीड़

**गाडरवारा।** जिस तरह हमारे धर्म ग्रंथों में बताया गया है कि इस कलयुग काल में मानव को अपने जीवन को सफल बनाने व धार्मिक रास्ता की ओर ले जाने के लिये इस धरती पर जहां रामदूत हनुमान व माँ नर्मदाजी मौजूद रहेगी। इस प्रकार से इस कलयुग में इस धरती पर मानव जीवन को संकटों से मुक्ति दिलाने तथा भटके हुये लोगों को रास्ते पर लाने के लिये पवन पुत्र हनुमान व माँ नर्मदाजी मौजूद रहते हुये राह दिखाते हुये देखी जाती है। इसी का परिणाम है कि माँ नर्मदा जी के जन्मोत्सव का अवसर हो या फिर हनुमानजी के जन्मोत्सव का मौका उनके भक्त बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शनिवार को उस समय देखने मिली जब मारूती नंदन के जन्मोत्सव के दौरान शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी भक्त लोग जहां बजरंग बली की भक्ति में पूर्णरूप से लीन होकर राम नाम को जपते हुये दिखाई पड़ रहे थें। वही दूसरी ओर शहर से लेकर गांव गांव गांव हनुमान मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुन्दर कांड सहित हवन पूजन के अलावा भंडारे व प्रसादी वितरण के कार्यक्रम देर रात तक चलते हुये देखे गये।

## मुख्य सड़क पर निर्माण सामग्री रखते हुए, लोगों की जिन्दगी के साथ की जा रही खिलवाड़ प्रशासन बैठा है मौन

**कौड़िया।** जहां एक ओर आये दिन पुलिस प्रशासन के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के नाम पर कार्यवाही की जाती है, इतना ही नली पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को देखा जाता है कि जब कोई वाहन चालक अपने वाहन को सड़क किनारे खड़े करते हुए किसी दुकान पर सामन लेने के लिए जाता है तो पुलिस द्वारा उसके वाहन की या तो हवा निकाल दी जाती है या फिर उसे थाने में पहुंचाते हुए चालानी कार्यवाही करते हुए कहा जाता है कि उनके द्वारा यातायात व्यवस्था बनाई जा रही है..? मगर जब देखा जा रहा है कि प्रदेश स्तर की स्टेट हाइवे माने जाने वाली मुख्य सड़क पर ही लोगों द्वारा अपने स्वार्थ के चलते अतिक्रमण करते हुए निर्माण सामग्री रखते हुए आम लोगों की जिन्दगी के साथ खुलेआम खिलवाड़ की जा रही है उसे लेकर प्रशासन द्वारा मूक बना होना जहां चर्चा का विषय बना हुआ है, वही पुलिस प्रशासन के साथ साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता का खुला प्रमाण देते हुए जान पड़ रहा है? इस संबंध में बताया जाता है कि जबलपुर से प्रदेश की राजधानी को जोड़ने वाला मुख्य स्टेट हाइवे मार्ग ग्राम कौडिया के बीचो बीच से निकला हुआ है।

# यातायात के लिये नासूर साबित हो रहा टेलीफोन एक्सचेंज एवं नगर के चीचली तिराहा के पास सड़क के किनारे लगने वाला साप्ताहिक बाजार, समय रहते जगह परिवर्तन नहीं किया गया तो किसी दिन बड़ी घटना की संभावना से नहीं किया जा सकता है इंकार....?





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर में वाहन मालिकों से लेकर यातायात व्यवस्था की सच्चाई किसी से छिपी नही है। क्योंकि शहर के मुख्य मार्गो से लेकर कुलियों व कालोनियों में फैला हुआ अतिक्रमण यातायात के लिये बाधक बन रहा है तो दूसरी ओर वाहन मालिकों की मनमानी का नजारा इस तरह से देखने मिल रहे है कि वह अपने घरों के सामने मुख्य मार्गो पर जिस तरह बड़े बडें वाहनों को खड़ा करते देते है जो कई दिनों तक एक ही स्थान पर खड़े रहने के कारण जहां यातायात के लिये बाधक बनने से नही चूक पा रहे है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस तरह सड़को पर अघोषित रूप से कब्जा करते हुये वाहन खड़े करने वाले नगर के अनेक प्रभावशाली लोग होने के कारण प्रशासन के अधिकारी भी इनके खिलाफ कार्यवाही करने की हिम्मत नही जुटा पाने के कारण वह भी सोचते है कि जैसा चल रहा है वैसा चलता रहे अपन हे क्या लेना है...? मगर इसका परिणाम नगरवासियों के लिये भोगने के लिये मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि जहां तहां जाम की स्थिति बनने के कारण लोग परेशान होते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर यदि शहर से हटकर नगर की स्थिति पर नजर डाली जावे तो नगर के पलोटन गंज क्षेत्र यानि की जमाड़ा रोड़ टेलीफोन एक्सचेंज व रेल्वे स्टेशन मार्ग यानि की चीचली तिरहा के पास लगने वाला साप्ताहिक सब्जी बाजार पूर्णरूप से यातायात व्यवस्था के लिये जहां नासूर साबित होते हुये जान पड़ रहा है तो दूसरी ओर इस बाजार में रोजी रोटी कमाने की सोच से आने वाले दुकानदारों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पा रही है? नगर के टेलीफोन एक्सजेंच के पास प्रति साप्ताह यानि की शुक्रवार को लगने वाले इस सब्जी बाजार का हाल इस तरह से देखने मिलता है कि यहां पर कोई उपयुक्त जहां नही होने के कारण जहां सभी दुकानदार अपनी दुकाने मुख्य मार्ग के दोनों ओर लगाते है और सामग्री खरीदने के लिये पहुंचने वाले ग्राहक सड़क पर खड़े होकर ही खरीदारी करने के कारण शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक यहां की स्थिति इस तरह बन जाती है कि लोगों को वाहन निकलने की बात तो दूर पैर रखने के लिये जगह मिल पाना भी मुश्किल हो जाता





है। जबकि गौर किया जावे तो यह स्थान गाडरवारा से बारहाबड़ा की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग होने के कारण इस गांवों से दर्जनों गांवों के लोग प्रतिदिन शहर अपने बडे बडे वाहनों से आना जाना करते है तो दूसरी ओर क्षेत्र के अनेक गांवों के किसानों के ट्रेक्टर ट्राली भी इसी मार्ग से निकलते हुये देखे जाते है। इतना ही नही इस मार्ग से शहर में पढ़ाई करने वाले ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र छात्राओं का निकलना भी होता है। इस प्रकार से मुख्य मार्ग पर लगने वाला यह साप्ताहिक बाजार यातायात के लिये जहां नासूर साबित तो हो ही रहा है दूसरी ओर इस बाजार में रोजी रोटी कमाने के लिये आने वाले दुकानदारों से लेकर उनके ग्राहकों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है? यह बात अलग है कि नगर के टेलीफोन एक्सचेंज व चीचली तिरहा पर लगने वाले इन साप्ताहिक बाजारों की सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के चलते कुछ साल पहले तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सृष्टि देशमुख व तत्कालीन नगर पालिका अधिकारी ए पी गहिरवार द्वारा गंभीरता से लेते हुये शुक्रवार के दिन टेलीफोन आफिस के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार की जगह परिवर्तन करने के लिये प्रयास शुरू किये गये थें और इसी के चलते नाजूल की खाली पड़ी हुई भूमि पलोटन गंज से शासकीय चिकित्सालय की ओर जाने वाले मार्ग यानि की संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास नाप तोल कराते हुये वहां पर प्लेट फार्म का निर्माण कराते हुये शीघ्र ही इस साप्ताहिक बाजार की जगह परिवर्तन के प्रयास शुरू कर दिये गये थें। इसी के चलते नगर पालिका द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर लाखों रूपया शासकीय राशि के रूप में खर्च करते हुये पक्के प्लेट फार्म का निर्माण कार्य कराया गया है जिससे अनुमान लग रहा था कि अब शीघ्र ही यह साप्ताहिक बाजार इस प्लेट फार्म पर शुभारंभ होने से जहां यहां पर पैदा होने वाली यातायात की परेशानी से निजात मिल जावेगी तो दूसरी ओर इस बाजार में अपनी दुकाने लेकर आने वाली दुकानदारों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी भी सुरिक्षत हो जावेगी..? इस प्रकार टेलीफोन एक्सजेंच के पास लगने वाले इस साप्ताहिक बाजार से पैदा होने वाले खतरें को लेकर अधिकारियों द्वारा जिस तरह से तत्परिता दिखाते हुये जगह परिवर्तन करने के लिये किये गये प्रयासों की सराहना की जा रही थी। मगर इन्ही प्रयायों के दौरान पंचायत चुनाव से लेकर नगरीय निकाय चुनावों का बिगुल बज जाने के चलते इस साप्ताहिक बाजार का स्थल परिवर्तन होने की कार्यवाही ठंडे बस्ते में चली गई थी। ऐसा लग रहा था कि नई नगर पालिका परिषद का गठन होने के बाद इस प्रक्रिया को पूरा किया जावेगा। मगर इसके बाद वर्षो का समय बीते जाने के बाद भी यह प्रक्रिया पूर्ण नही हो पाई है। वही बैठकी बाजार के लिये लाखों रूपया की राशि से बनाया गया प्लेट फार्म बगैर उपयोग हुये ही टूटते हुये नजर आने लगा है। इस तरह सरकारी धन भी खर्च हो चुका है और परेशानी जहां की तहां देखाई दे रही है...? इस तरह जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का परिणाम है कि हर शुक्रवार के दिन टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क पर लगने वाले बाजार के दौरान लोगों की अपनी जिन्दगी खतरे में डालते हुये देखा जा रहा है। वही यहां से निकलने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है...? आमजन का कहना है कि कही ऐसा तो नही कि यहां पर किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने के बाद ही अधिकारियों की निंद्रा भंग हो पायेगी...? खैर सच्चाई जो भी हो उसे भगवान जाने मगर नगरवासियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सहित अनुविभागीय अधिकारी व नगर पालिका अधिकारी से मांग करते हुये कहा जा रहा है कि शीघ्र ही इन साप्ताहिक बाजारों की जगह परिवर्तन की जावे नही तो किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

## संविधान निर्माता अम्बेडकर जयंती पर आज नगर में जिला स्तरीय समारोह व निकाली जावेगी शोभा यात्रा

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** संविधान का निर्माण करने वाले डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती आज नगर में बड़ें ही धूमधाम से बनाये जाने की तैयारियाँ की गई है। इस संबंध में कार्यक्रम के संचालक बाबू लाल जाटव द्वारा जानकारी देते हुयें बताया हे कि भारत रत्न डॉ बाबा साहेब की जयंती तो हर साल मनाई जाती है। मगर इस 134 वीं जयंती के मौके पर गाडरवारा नगर में जिला स्तरीय समारोह के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी। जिला स्तरीय समारोह नगर की नई गल्लामंडी में आयोजित किया जावेगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह मौजूद रहेगे। वही विशिष्ठ अतिथियों में क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटैल, भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, तेंदूखेड़ा विधायक विश्नाथ सिंह पटैल, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक नरेश पाठक, श्रीमति



साधना स्थापक, जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह पटैल, पूर्व नपा अध्यक्ष उमेश नीरष के आलवा अन्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। वही विशेष अतिथि में समाज सेवी विनीत महेश्वरी तथा दिनेश मालपानी होगे। वही कार्यक्रम के संचालक श्याम सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष व्यवसायिक प्रकोष्ठ अ.स.स.भारत व बाबू लाल जाटव (नेता) कार्यकारणी सदस्य भाजपा अनु.जा मोर्चा होगे। बताया जाता हे कि सभी लोग सुबह दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक नई गल्लामंडी में जिला स्तरीय समारोह आयोजित होगा। इसके उपरांत 3 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी। यह शोभायात्रा नगर के शासकीय चिकित्सालय से शुभारंभ होकर पानी टंकी से महावीर भवन मार्ग से होते हुये श्याम टाकीज, झंडाचौक से निकलते हुये सराफा बाजार से पुराना बस स्टेन्ड से निकलकर आयोजन स्थल नई गल्ला मंडी पहुंचकर समापन होगा।

# पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग करते हुये निकाली जा रही पैदल यात्रा के नगर पहुंचने पर किया गया स्वागत






हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

कहने के लिये तो मीड़िया को संविधान का चौथा स्तभ कहा जाता है। मगर इस स्तभ पर बहुबलियों से लेकर तत्वों द्वारा किस तरह जंग लगाते हुये प्रताड़ित किया जा रहा है यह सच्चाई शायद ही किसी से छिपी नही होगी..? क्योंकि पत्रकार अपनी व परिवार जनों की चिंता किये बगैर ही खबरों की खोज में सुबह से निकल जाते है और प्रशासन तंत्र से लेकर अन्य जगहों पर होने वाले भ्रष्टाचार को अपनी कलम के माध्यम से उजागर करते हुये आमजन के बीच लाने में कोई कसर नही छोड़ते है। इतना ही नही प्रशासन तंत्र में जब शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के नाम पर अधिकारियों द्वारा आमजन को परेशान किया जाता है तो उस सच्चाई को भी पत्रकारों द्वारा प्रमुखता से उजागर करते हुये आमजन के लिये मददगार बनने में कोई कसर नही छोड़ते है। वैसे देखा जावे तो पत्रकारों की किसी से कोई बुराई नही होती है। मगर जब इस तरह की सच्चाईयों को उजागर किया जाता है कि अधिकारियों से लेकर नेताओं सहित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले तत्वों की नजरों में दुश्मन बन जाते है। इस तरह दिन रात एक करते हुये पत्रकारों द्वारा खबरों को खोजने के दौरान आये दिन उन पर हमलों से लेकर झूठे प्रकरण दर्ज होते हुये देखे जाने लगे है। इसी बात को लेकर जिला स्तर पर संयुक्त पत्रकार मोर्चा द्वारा कुछ माह पहले पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग करते हुये जिला मुख्यालय पर धरना दिया गया था। इस धरने में क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पत्रकारों के बीच पहुंचकर इस बात का भरोसा दिया गया था कि उनकी इस मांग को प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखी जावेगी। मगर इस बात को लम्बा समय बीत जाने के बाद भी स्थिति जहां की तहां देखी जा रही है। वही दूसरी ओर प्रदेश के अन्य शहरों से लेकर जिले में आज भी पत्रकारों के ऊपर हमले होते हुये देखे जा रहे है। इस बात की सच्चाई बीते हुये दिवस करेली पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम आमगांव बड़ा में उस समय देखने मिली जब यहां पर चल रहे सट्टे के अवैध कारोबार की सच्चाई को स्थानीय पत्रकार ब्रजेश दीक्षित द्वारा प्रमुखता से उजागर किये जाने के चलते अवैध कारोबार पर पुलिस द्वारा अंकुश तो लगा दिया गया था। मगर इस अवैध कृत्य से जुडे हुये लोगों द्वारा क्षेत्र की सच्चाई को अपनी कलम से उठाये जाने का बदला लेने के लिये जान लेवा हमला करते हुये घायल कर दिया गया। इस तरह पत्रकारों पर आये दिन होने वाले हमलों के चलते अपनी सुरक्षा के लिये पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग करते हुये जिला पत्रकार संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में क्षेत्र के सांसद आवास यानि की नरसिंहपुर से बनखेड़ी तक पैदल यात्रा निकाली जा रही है। इसी के चलते पत्रकारो द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग करते हुये पैदल यात्रा निकालते हुये क्षेत्र के सांसद से मुलाकात करने के लिये निकले हुये है। इस पैदल यात्रा का जब नगर में आगमन हुआ तो पत्रकार साथियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा में शामिल मनजीत छावडा, भागीरत तिवारी, अभय बनगात्री, राजकुमार कौरव, तुलसीराम राठौर, उमेश कौरव, राजेश लोधी सालीचौका, अतुल दशरथ सिंह बंशकार, संजय मेहरा, सचिन जोशी, कैलाश रजक, अरूण श्रीवास्तव, जशवंत शर्मा, दीप तिवारी, कैलाश, दीपक अग्रवाल सांईखेड़ा, रमजान खान, रंजीत तोमर, लीलाधर धानक, लीलाधर वर्मा, संकेत नायक, यश वर्मा, चंद्रभान पटैल सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद थें।

# हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में मनाया गया पवनपुत्र का जन्मोत्सव, निकाली गई भव्य शोभायात्रा







**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** शनिवार को रामदूत हनुमान जी का जन्मोत्सव जहां संपूर्ण देश में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी प्रकार से दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में भी हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में पवन पुत्र का जन्मोउत्सव मनाने के लिये जिस प्रकार से सड़को पर जन सैलाव उमड़ते हुये देखा गया उसके चलते संपूर्ण नगर जहां धर्ममय होने से नही चूक रहा था। बताया जाता है कि इस अवसर पर नगर के विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में शामिल महिला पुरूष अपने हाथों में भगवा झंडा लेकर जय श्रीराम व हनुमान जी के नारे लगाते हुये पूर्णरूप से भक्ति में लीन नजर आ रहे थें। वही नगर के हनुमान मंदिरों में महाआरती व प्रसादी वितरण के साथ भंडारों के आयोजन भी किये गये। वही दूसरी ओर शोभायात्रा के दौरान नगर की गलियों में जहां पुष्प वर्षा करते हुये लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। वही दूसरी ओर शोभायात्रा में शामिल भगवान श्रीराम व माता जानकी तथा लक्ष्मण जी की झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी रही। वही शोभा यात्रा में संत समाज के संरक्षण में बैंड बाजे की धुन पर अश्वों का नृत्य जहां इस आयोजन को मनोरम बना रहा था तो दूसरी ओर देखा गया की अंजनी पुत्र के जन्मोत्सव को लेकर जहां संपूर्ण नगर फूल मालाओं तोरण के साथ इस तरह सजा हुआ था कि मानो आयोध्या नगरी का रूप दिया गया हो ...? वही दूसरी ओर महिलाओं द्वारा सुबह से ही अपने घर के आंगन व द्वारों को गाय की गोबर से पिलाई करते हुये सुन्दर चौक पूरते हुये रंगोलियों से सजाया गया था। इस तरह पवनपुत्र के जन्मोत्सव के चलते संपूर्ण नगर भगवान रामचंद व हनुमान जी की भक्ति में लीन नजर आ रहा था।

**खबर संक्षेप**

## अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुये किरगी सचिव फूलचंद मरावी

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के प्रांताक्षध्यक्ष चौ मुकेश मौर्य ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ के ग्राम पंचायत किरगी राजेन्द्रग्राम के सचिव फूलचंद मरावी को मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स का आगामी आदेश तक जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री मरावी के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में निकली भव्य शोभा यात्रा



**अनूपपुर।** प्राचीन श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर) अनूपपुर में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई थी। पूरा अनूपपुर जय श्री राम, जय हनुमान के नारों से गुंजायमान होता रहा। श्री शिव मारुति मंदिर में सुबह से पूजा एवं विशेष अनुष्ठान किया गया। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन प्रारंभ हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा।शाम 5 बजे हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा शहर में निकाली गई। भव्य शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। फूलों की वर्षा की गई जिससे पूरा शहर फूलों की नगरी सा प्रतीत होने लगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के कलाकारों के कर्मा, नृत्य ने शहर का माहौल ही बदल दिया। राजस्थान की मनमोहक झांकियों में रामदरबार, 7 फिट के बाहुबली हनुमान जी एवं हनुमान जी के सिर पर विराजमान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी आकर्षण का केंद्र बिंदु बन रहे।

**शोभा यात्रा की भव्यता बना आकर्षण का केंद्र-** भव्य आयोजन में अनूपपुर जिले के अलावा आस- पास के गांव के हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।शोभा यात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी। जिसमें मनमोहक झांकियां, आकर्षक साज सज्जा, भक्ति की अनोखी छटा देखने को मिली। इस दौरान देश भर से आए कलाकार अपने प्रस्तुतियों से माहौल को भक्ति मय बना दिया। शोभा यात्रा के दिन मुख्यालय के अधिकांश बाजार एवं प्रतिष्ठान बंद रहे एवं सभी व्यापारी शोभा यात्रा और कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। बस स्टैंड अनूपपुर में संध्या आरती का आयोजन रखा गया। राम कथा, हनुमान चालीसा से सभी श्रद्धालु झूम उठे। शिव मारुति युवा संगठन अनूपपुर ने सभी जन मानस को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आए सभी सभी माताओं, बहनों, सभी साथियों एवं पुलिस प्रशासन को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## रेल्वे स्टेशन के बाहर सुलभ शौचालय नहीं होने से यात्री तथा अन्य लोग हो रहे परेशान

**अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी जिला अनूपपुर महासचिव वरुण चटर्जी द्वारा पार्टी के अन्य साथियों के साथ अनूपपुर रेल्वे स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर स्टेशन के बाहर यात्रियों को होने वाली असुविधा को देखते हुए सुलभ शौचालय बनाए जाने की मांग की गई है।उन्होंने बताया कि देश में ऐसे बहुत सारे रेलवे स्टेशन है जिनका केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत कायाकल्प किया जा रहा है,इसी क्रम में बिलासपुर रेल्वे जोन के अंदर आने वाला सबसे व्यस्ततम अनूपपुर रेल्वे स्टेशन जो कि एक जंक्शन भी है।अनूपपुर रेलवे स्टेशन को भी अमृत योजना के तहत कायाकल्प के माध्यम से यात्रियों के लिए सर्व सुविधाजनक का कार्य लगातार चल रहा है। किंतु उसके बावजूद भी अनूपपुर रेल्वे स्टेशन के सामने की जगह पर यात्रियों तथा अन्य लोगों द्वारा मूत्र विसर्जन किए जाने से उसके दुर्गंध के कारण दूसरे यात्रियों तथा रहवासियों का जीवन नरक बन चुका है।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर दो-दो तालाब तैयार करें





**डिंडौरी**

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे रविवार को विकासखंड डिंडौरी के अंतर्गत आने वाले पटवारी, राजस्व निरीक्षक, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, मोबेलाइजर की संयुक्त बैठक ली। जिसमें बताया गया कि जिले में पानी की जलस्तर कम होने की स्थिति में सुधार एवं भूमिगत जलस्तर बढाने जाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर दो-दो तालाब 30 मई के पूर्व तैयार करें, जिससे बरसात में पानी का भराव हो सके शासन की विशेष पहल पर कलेक्टर ने पटवारी, राजस्व निरीक्षक, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक रोजगार सहायक एवं पंचायत सचिव से चर्चा कर ग्राम में तालाब निर्माण के लिए शासकीय भूमि चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। 15 अप्रैल 2025 तक आपके द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर चिन्हित किए गए स्थल का मेरे द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण दल में सीईओ जिला पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, एसडीएम, तहसीलदार, इंजीनियर, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहेंगे।

कलेक्टर ने समस्त जनपद सीईओ, आरईएस, सब इंजीनियर, पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर बनाए जा रहे तालाब की कार्यवाही सी-प्री एप पर स्वीकार होने के बाद निर्माण हेतु तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासकीय स्वीकृति होने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में तालाब निर्माण का कार्य शुभारंभ किया जाए। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत डिंडौरी को कहा कि जिले में चल रहे निर्माण कार्यों के साथ साथ अन्य कार्य जैसे वृक्षारोपण, नदी तालाब, झरने, गहरीकरण, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, चेकडेम, परकुलेशन टैंक आदि में आने वाले मजदूरी का भुगतान मनरेगा से समय समय पर शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए।बैठक में उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, बीआरसी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं को दो-दो पौधों लगाएंगे। एक पौधा विद्यालय प्रांगण और एक पौधा अपने घर में रोपेंगे और छात्र स्वयं दोनों पौधों की देखभाल करेंगे, जिससे पर्यावरण, जीव-जन्तु, शुद्ध जलवायु, फल से विद्यार्थी एवं आमजन लाभान्वित होंगे।

बैठक के दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले निर्माण कार्य, व्यक्तिगत भूमि से काटे जाने पेडों की अनुमति अब पटवारी, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक ऑनलाइन आवेदन करेंगे, इसके बाद ही पेड काटने की अनुमति प्रदान हो सकेगी। कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में नदी-नाले, झरने, तालाब, कुआं में किसी प्रकार का अतिक्रमण होने पर तुरंत हटाया जाए। कुछ सचिव ने बताया कि ग्राम के नालों में अतिक्रमण कर रखे हैं जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अन्दर अतिक्रमण हटाएं ताकि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य सफल हो सके।

कलेक्टर ने समस्त पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं पंचायत कर्मियों को निर्देशित किया कि अपने अपने ग्राम पंचायत के अंतर्गत सभी सडकों के किनारे फलदार एवं छायादार पौधे लगाएं जाएं, जिसकी देखभाल की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि 14 अप्रैल 2025 को जनपद पंचायत अमरपुर के ग्राम पंचायत परसेल जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रथम ग्राम पंचायत तालाब का शुभारंभ किया जाना प्रस्तावित है।

## जल संरक्षण को समर्पित युवाओं का संकल्पः डिंडोरी विकासखंड में हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ



130 विद्यार्थियों व अधिकारियों की सहभागिता, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजन

**डिंडौरी।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड डिंडोरी द्वारा चंद्र विजय कॉलेज में बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस.डब्ल्यू. कक्षाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया, जिसमें कुल 130 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम में समस्त विद्यार्थी, उनके मेंटर्स तथा विकासखंड समन्वयक गणेश सिंह राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह प्रदेशव्यापी अभियान विशेष रूप से गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए 30 जून तक, यानी 90 दिनों तक चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना है। राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "जल संरक्षण केवल पर्यावरण की रक्षा का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व का प्रश्न है। पानी की हर बूंद महत्वपूर्ण है—इसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।" मध्य प्रदेश सरकार इस महाअभियान के अंतर्गत पंचायत स्तर पर तालाबों के निर्माण, वन्य जीवों के संरक्षण हेतु जल संरचनाओं के पुनर्विकास तथा जल धाराओं को पुनर्जीवित करने के लिए गेबियन संरचना, ट्रेंच, पौध-रोपण, चेकडैम और खेत-तालाबों के निर्माण जैसे उपायों को लागू करेगी।

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक ली

**डिंडौरी**



कलेक्टर ने विकासखड डिंडौरी के कलेक्ट्रेट ऑडोटोरियम सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने आंगनवाडी आंगनवाडी सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका से पूछा कि किन किन आंगनवाडी केन्द्रों में पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बाउंड्री वॉल, मीनू के अनुसार पोषण आहार-भोजन एवं कुपोषित बच्चों का नियमित परीक्षण कर पोषण आहार एवं भोजन उपलब्ध कराया जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई), कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को तीन दिवस के अन्दर प्रत्येक आंगनवाडी में विद्युत, पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त आशा कार्यकर्ता, सहायिका, आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सुपरवाईजर को निर्देश दिए कि आपके क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुपोषित बच्चे, अति कुपोषित बच्चों को परिवार के साथ समन्वय बनाकर स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार हेतु भेजें ताकि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके।

कलेक्टर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए आंगनवाडी केन्द्र बच्चों के लिए 7.00 बजे से 11.00 बजे एवं स्टाफ के लिए सुबह 07.00 बजे से दोपहर 02.02 तक संचालित किए जाएंगे। जिससे बच्चों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। आंगनवाडी केन्द्र में टाइम टेबल के साथ गतिविधियां संचालित किए जाएं जैसे- सर्वप्रथम बच्चों का स्वागत, प्रार्थना, शिक्षा, चित्रकला, कविता गान, गीत, खेलकूद, पोषण आहार, भोजन आदि टाइम टेबल के साथ गतिविधियां संचालित किए जाएं ताकि बच्चे केन्द्र के प्रति आकृषित हों। कलेक्टर ने सभी सुपरवाइजर, सहायिका, कार्यकर्ता को निर्देश दिए कि प्रत्येक आंगनवाडी केन्द्र में 5-5 फलदार पौधे लगाएं, और स्वयं पौधों की देखभाल करें जिससे भूमिगत जलस्तर बनी रहे और केन्द्र में अध्ययनरत बच्चों को फल उपलब्ध हो सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन एवं पोषण पखवाड़ा के तहत गतिविधियां आयोजित करने के साथ-साथ बच्चों को अर्ली एजुकेशन एवं नियमित पोषण व्यवस्था और गर्भवती धात्री महिलाओं को पोषण आहार प्रदान करने संबंधी निर्देश देते हुए कलेक्टर मारव्या ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए ,पोषण पखवाड़ा अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों की निगरानी, 1000 दिवस तक बच्चे की देखभाल के साथ-साथ एनीमिया की रोकथाम एवं पंजीयन पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिये। आंगनबाड़ी केद्रों में विद्युत व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों निर्देश दिये। लापरवाही की स्थिति में संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अनुविभागीय अधिकारी डिंडौरी भारती मेरावी, मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी रमेश मरावी, तहसीलदार शंशाक शेण्डे सहित संबंधित विभाग के अधिकारी ,कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्री नर्मदे हर सेवा न्यास ने स्वास्थ्य परामर्श शिविर का किया आयोजन



**अमरकंटक।** रीवा धाम बाराती वार्ड क्रमांक 4 अमरकंटक में स्थित नर्मदे हर सेवा न्यास जिसकी स्थापना भगवत शरण माथुर के द्वारा किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण अमरकंटक के गरीब असहाय व्यक्तियों का उत्थान था। इसी क्रम में स्वर्गीय भगवत शर्मा माथुर की जयंती 13 अप्रैल के अवसर पर श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के द्वारा न्यास परिसर में एकदिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आसपास ग्रामीण अंचल से सैकड़ो की संख्या में गरीब असहाय व्यक्ति जिनको बेहतर स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है व इस शिविर में अपना इलाज करवाने के लिए आए हैं। उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम जिसमें बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज शहडोल से रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर से श्री सतगुरु सेवा नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट से जिला चिकित्सालय अनूपपुर से गनियारी चिकित्सालय बिलासपुर से एवं सेंट्रल हॉस्पिटल सीसीएल धनपुरी शहडोल से डॉक्टर ऑन की विशेषज्ञ टीम जिसमें मेडिसिन स्त्री रोग विशेषज्ञ अस्थि रोग विशेषज्ञ हृदय रोग विशेषज्ञ मानसिक रोग विशेषज्ञ नेत्र रोग विशेषज्ञ नाक कान गला विशेषज्ञ दंत रोग न्यूरो रोग विशेषज्ञ सर्जरी से संबंधित मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र ब्लड डोनेशन कैंप आयुष्मान कार्ड का वितरण सिकल सेल एनीमिया की जांच टीवी रोग की जांच एक जांच सोनोग्राफी बीपी शुगर की जांच यह सभी तरह की जांच निशुल्क एवं मरीज को निःशुल्क दवा वितरण एवं परामर्श भी निःशुल्क नर्ड हर सेवा न्यास के द्वारा आज किया गया श्री नर्मदे हर सेवा न्यास के अध्यक्ष राम लाल रौतेल ने बताया कि माथुर साहब की पुण्य तिथि में प्रतिवर्ष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वर्गीय माथुर साहब की यह इच्छा थी कि मानव सेवा के उद्देश्य से न्यास की स्थापना की गई है उसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए श्री नर्मदे हर सेवा न्यास के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें जनकल्याण होती रहे न्यास के अन्य सदस्यों में कोषाध्यक्ष कैलाश विशनानी ने सचिव शिव चौधरी ने एवं सदस्य गण के रूप में उमेश पांडेय ने स्वर्गीय माथुर साहब की पुण्यतिथि में उक्त सफलतम आयोजन को पूर्ण करने की पूरा योगदान दिया। जिसमें उनके सहयोगी के रूप में किशन सिंह दिव्यराज सिंह राम प्रसाद व अन्य सहयोगी शामिल है।

## ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध कार्यवाही में जिले को मिला पहला स्थान

# विशेष अभियान में अनूपपुर ने प्रदेश में प्राप्त किया 11वां स्थान

### पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन का मिला परिणाम

**अनूपपुर।**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर प्रदेश भर में 1 से 15 अप्रैल तक तीन उद्देश्यों को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान जिसमे सड़क दुर्घटनाओं को रोकना, सड़क दुर्घटना में मृत्यु को रोकना व दुर्घटना घटित होने पर पीड़ित को आर्थिक सहायता मिल सके इस दिशा में प्रयास करना है



इन्ही उद्देश्यों को लेकर अनूपपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमे मध्यप्रदेश में अनूपपुर जिले को ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध कार्यवाही में प्रथम स्थान व विशेष अभियान में मध्य प्रदेश में अनूपपुर जिले को 11 वा स्थान प्राप्त हुआ है। अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन हेतु लगातार काम किया जा रहा है व पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशनुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान में लगातार तत्परता से कार्य किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि अनूपपुर पुलिस ने विशेष अभियान में मध्य प्रदेश में 11वां स्थान प्राप्त किया है व ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध कार्यवाही में प्रथम स्थान पर जिला प्रथम स्थान पर रहा है।

### शराबी वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही

सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण शराब के नशे में वाहन चलाना है, जिस पर अंकुश लगाने हेतु एक सप्ताह में ही 23 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जिसमे न्यायालय द्वारा 2,30,000 का जुर्माना लगाया गया। जिससे निश्चित ही शराब के नशे में वाहन चलाने की प्रवृत्ति में कमी आएगी साथ ही दुर्घटनाएं भी कम होगी। सड़क दुर्घटना का दूसरा मुख्य कारण तेज गति से वाहन चलाना है जिस पर अंकुश लगाने हेतु अभियान के दौरान इंटरसेप्टर व्हीकल के माध्यम से ऐसे 32 वाहनों को डिटेक्ट किया गया, जो निर्धारित गति से अधिक गति पर वाहन चला रहे थे, इन वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाया गया। वर्तमान समय में माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार प्रत्येक वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाया जाना अनिवार्य किया गया है, जिसकी चेकिंग करते हुए बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट पाए गए 74 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। सड़क दुर्घटना घटित होने पर पीड़ित को उचित मुआवजा मिल सके, इसके लिए वाहन का थर्ड पार्टी बीमा होना आवश्यक है, इसकी चेकिंग करते हुए अभियान के दौरान 9 वाहनों को बिना बीमा पाया जिनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान वाहनों के फिटनेस की भी जांच की जा रही है, जिसमें पांच वाहन बिना फिटनेस पाए गए उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाया, साथ ही प्रदूषण सर्टिफिकेट की जांच करने पर 17 वाहनों के प्रदूषण सर्टिफिकेट ना होने पर उनके विरुद्ध भी चालानी कार्यवाही की गई।

## 48 घंटे के अन्दर मोबाईल चोरी के मास्टर माइंड व अन्य 2 आरोपी धराये

### आरोपियों से चोरी गये मशरुका को बरामद कर किया गया जप्त

**भालूमाडा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा पुलिस स्टाफ फरियादी अजय कुमार जायसवाल पिता फूलचंद जयसवाल उम्र 41 निवासी वार्ड न. 09 पीली दफाई भालूमाड़ा का 10 अप्रैल को उपस्थित थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 09/04/2025 व 10/4/2025 के मध्य रात्रि मे मेरे भालूमाड़ा में स्थित मोबाइल की दुकान की छत तोड़कर एप्पल कम्पनी की मोबाइल फोन, टेबलेट, ईयर बट्स को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट किया था फरियादी की रिपोर्ट पर अप.क्र. 155/2025 धारा 331 (4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना चोरी गये मोबाईल, टैबलेट व अज्ञात चोरों की पता तलाश की गई जो भालूमाडा पुलिस द्वारा बडी सूझ बूझ एवं तत्परता दिखाते हुए एवं सीसीटीव्ही कैमरे व साईबर सेल की मदद से 48 घंटे के अन्दर आरोपी प्रांसी कुमार पिता सुमित लालपुरी (परिवर्तित नाम) उम्र 16 वर्ष निवासी भालूमाडा के कब्जे से 7 नग मोबाईल फोन कीमती 355597 रुपये की आरोपी सुजाला कुमार पिता अजीत कुमार (परिवर्तित नाम) उम्र 17 वर्ष 10 माह निवासी भालूमाडा के कब्जे से 05 नग मोबाईल फोन कुल कीमती 282398 रुपये की एवं आरोपी अनीश कुमार पिता अशोक कुमार उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 10 दफाई नम्बर 32 भालूमाडा के कब्जे से 07 नग मोबाईल फोन, 01 नग टैबलेट, 01 ईयर बट्स, 01 नग घडी कुल कीमती 411396 रुपये कुल कीमती 1049391 रुपये को आरोपियों के कब्जे से बरामद कर जप्त किया गया व आरोपीगणों को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया। ज्ञात हो कि आरोपियों ने रात्रि में मोबाईल दुकान की उपर की सीट को काटकर दुकान के अन्दर प्रवेश कर मोबाईलों चोरी की थी। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी भालूमाडा निरी संजय खलको, उप निरी. जे.पी. लकड़ा, स.उ.नि. विनोद द्विवेदी, प्र.आऱ. सुखेन्द्र सिंह, राजकुमार परस्ते, प्रदीप पाण्डेय, आर. चक्रधर तिवारी, स्वदेश सिंह चौहान, भानू प्रताप सिंह, देवेन्द्र सिंह, रविन्द्र मौर्य, देवेन्द्र तिवारी, दिनेश मुजालदे एवं साईबर सेल शाखा अनूपपुर आर. पंकज मिश्रा, राजेन्द्र केवट की भूमिका रही।

## सुबह-सुबह बैंक में अचानक लगी आग, बैंक को लाखों का नुकसान परंतु कैश सुरक्षित

**अनूपपुर।**

जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित एक निजी बैंक में रविवार सुबह आग लगने से बैंक का सारा सामान जलकर खाक हो गया। बैंक में लगी आग का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। आग पर काबू पाने के लिए पांच फायर ब्रिगेड की मदद ली गई। इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका है। बैंक कर्मियों की माने तो बैंक का कैश सुरक्षित है। घटना सुबह लगभग 7 बजे की बताई जा रही है जिसे बुझाने में लगभग 2 घंटे का समय लगा। इस घटना से बैंक को लाखों का नुकसान बताया जा रहा हैं। रविवार की सुबह 7 बजे के आसपास के लोगो ने बैंक से धुआं निकलता देख इसकी सूचना बैंक सुरक्षा गार्ड जमुना तिवारी को दी। उसके बाद मौके पर पहुंचे जमुना तिवारी ने मामले की सूचना प्रबंधन सहित जिला प्रशासन और फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, जहां दो घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया, लेकिन आग बुझाने तक बैंक का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

## विद्यार्थियों को योग की दी विशेष जानकारी
# उमंग शिक्षा वेलनेस एंड हेल्थ पर कार्यक्रम आयोजित

नरसिंहपुर

**रविवार को स्थानीय स्वामी विवेकानंद पीजी कॉलेज में उमंग शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग का एक संयुक्त कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी के स्वास्थ्य का रिकॉर्ड रखा जाएगा। जिससे कि शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाया जा सके इसकी आज सर्वाधिक आवश्यकता है। इसी के साथ सभी विद्यार्थियों के आयुष्मान भारत हेल्थ एकॉउंट (आभा) भी बनाए जा रहे हैं जिससे कि विद्यार्थी अपनी सेहत को लेकर जागरूक बनें।**

### योजनाओं का मिले लाभ

विद्यार्थी अपनी हर एक स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी हो और आपातकाल की स्थिति में उनका उपयोग कर वे अपना उपचार करवा सकें व विद्यार्थियों को शासन से मिलने वाली सभी सरकारी योजनाओं का लाभ भी ले सकें। उमंग शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस के अंतर्गत समय-समय पर अलग-अलग गतिविधियां संचालित की जा रही हैं और इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योगा पर एक विशेष कार्यक्रम क्रीड़ा विभाग के स्पोर्ट ऑफिसर अर्पित सक्सेना द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सतीश दुबे की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन अर्पित सक्सेना ने किया।





### विद्यार्थियों को दी योग की शिक्षा

कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक सुश्री इंदु सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बनाने योगा की शिक्षा तथा महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गइ। विद्यार्थी और परीक्षा के दौरान अपने आपको तनाव मुक्त रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिये इसके साथ-साथ मस्तिष्क को सक्रिय करने हेतु कुछ ब्रेन एक्सरसाइजेज भी करवाई और ध्यान-प्राणायाम से अपने आपको शांत व स्थिर रखा जा सकता है इसका व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान किया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वाणिज्य विभाग के जनभागीदारी शिक्षक रीतेश अग्रवाल, डॉ. सीमा शर्मा, रुचि नेमा का भी सहयोग प्राप्त हुआ और छात्र-छात्राओं की अभिरुचि ने इसे रोचक बना दिया।



### योग से शरीर को मिलती है ऊर्जा: योगाचार्य

गत दिवस स्थानीय सदर मढिया परिसर स्थित गायत्री मंदिर सभागार में आयोजित योग शिविर के दौरान योगाचार्य एन सी जैन द्वारा बताया गया कि शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने के लिये योग जरूरी है। योग से शरीर को ऊर्जा और सकारात्मक सोच मिलती है। गर्मी में योग हेतु बताया गया कि हदय रोगी मरीजों को अधिक श्रम बाला योग नहीं करना चाहिए। योग सुबह की बेला में करें। पानी व पंखे की हवा लेते रहें। योगाचार्य जे के पटेल ने गर्मी से बचाव हेतु योग की शीतली क्रिया सहित अनेक मुद्राओं के बारे अवगत कराया। कवि अशोक त्रिपाठी ने कहा कि गर्मी के मौसम में ताजे फल सब्जियों का उपयोग करें। नमक चीनी पर नियंत्रण रखें। बासा भोजन न करें। मटके का स्वच्छ जल पीकर नियमित योग प्राणायाम करें। विदित हो कि योग समिति द्वारा गायत्री मंदिर सभागृह नरसिंहपुर में विगत अनेक वर्षों से नियमित रूप से योग कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है जिसमें शरद साहू शिव प्रसाद साहू लीलाधर दुबे सुधीर दुबे नीरज शर्मा राजेश जाट रामकुमार जाट वीरेंद्र राव आर के पटवा मुकेश प्रजापति श्रीकांत नामदेव बी एस पटेल जे के पटेल गणेश कुमार चतुर्वेदी डॉ केदार गुप्ता गुरमुख माखीजा महेंद्र श्रीवास्तव अशोक नेमा सहित अनेक लोग योग का लाभ ले रहे हैं।

# पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर पत्रकार पैदल यात्रा पर




नरसिंहपुर

बीते दिवस पत्रकार सुरक्षा कानून सहित अन्य समस्याओं को लेकर बीते साल पत्रकार ललित श्रीवास्तव व ताराचंद पटेल ने नरसिंहपुर से भोपाल तक पैदल यात्रा कर प्रदेश की भाजपा सरकार को जगाने का काम किया था, यात्रा में आने वाले जिलों, नगरों व ग्रामों के लोगों ने यात्रा को भरपूर समर्थन दिया और प्रदेश के पत्रकारों ने तो दिल खोलकर यात्रा में पूर्ण सहयोग किया। इसके उपरांत एक साल बाद दुबारा हाल ही के दिनों में जिला मुख्यालय नरसिंहपुर पर किये गए आंदोलनों, प्रदर्शन के बाद नर्मदापुरम नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चैधरी द्वारा मिले आश्वासन को लम्बे समय बीत जाने के बाद नरसिंहपुर के पत्रकार साथी नरसिंहपुर से सांसद के ग्राम बनखेड़ी तक की पैदल यात्रा कर रहे हैं। कल जिला मुख्यालय के गाँधी चैराहे से रवाना हुई यह यात्रा रात्रि विश्राम के बाद करपगांव से आगे की ओर रवाना हो गई जो संभवतः आज गाडरवारा पहुँच जाएगी। इस पत्रकार पैदल यात्रा को सभी पत्रकार साथियों का समर्थन प्राप्त है। यात्रा की शुरुआत में तमाम पत्रकारों ने पैदल यात्री मंजीत छाबड़ा, भगीरथ तिवारी, संजय मेहरा, कमलेश साहू, आशीष साहू का स्वागत कर उनकी हौसला अफजाई की। यही नहीं पत्रकार साथी लगातार अपने पैदल पत्रकार साथियों से मिलने जा रहे हैं व नागरिक भी यात्रा को समर्थन दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से युवक की मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज के ग्राम मुड़िया मे खेत मे काम करते समय करंट लग जाने से बेहोश हो गया। मिली जानकारी के अनुसार राहुल पटेल पिता इमरत पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी मुड़िया थाना स्टेशनगंज अपने खेत मे काम करते समय करंट लग गया जिसे परिजन उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार शव को परीक्षण हेतु रखवाया गया। शव का परीक्षण आज कराया जावेगा।

### नीरज चौरसिया का निधन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर निवासी नीरज चौरसिया का निधन हो गया। आप दुर्गा मंडल के सक्रिय सदस्य तथा नीरज पान सेंटर के संचालक थे। जिनका अंतिम संस्कार नकटुआ मुक्तिधाम में किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

### ज्वेलर्स की दुकान मे लगी आग

**नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर के मध्य गुरुद्वारा चौराहे के पास अचानक आग लग गई जिसमें परिवार के सदस्य झुलस गया। मिली जानकारी के अनुसार ऋषि ज्वेलर्स मे अचानक आग लग गई। उक्त संबंध में बताया गया कि भवन के प्रथम तल मे पूजन के लिए आग तैयार की जा रही थी तभी आग लपटों की चपेट मे घर मे लगी हरी नेट आ गई जिससे आग भड़क गई जिसे बुझाने मे परिवार का सदस्य राजू सोनी आग मे झुलस गया। पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। घायल को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### जहरीली वस्तु के सेवन से युवक की मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के ग्राम कुम्हड़ी निवासी शेखर पटेल पिता मुन्ना लाल उम्र 30 वर्ष का शव नदी किनारे पड़ा मिली जिसे जिला चिकित्सालय लाया गया। पुलिस ने शव मर्ग पंचानामा तैयार कर परीक्षण हेतु रखवाया गया। पुलिस उक्त संबंध में सभी दृष्टि से जांच कर रही है।

### बाइक चोर चढ़ा बंडोल पुलिस के हत्थे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले में सफलता हासिल की है। बंडोल पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम ने सुबह 11 बजे जानकारी देते हुए बताया कि 8 अप्रैल को चंदौरीकलां निवासी दीपक सनोडिया ने अपनी यामाहा बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाइक उनके घर के आंगन से चोरी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के मार्गदर्शन में जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने चंदौरीकलां निवासी नीतेश यादव (30) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से 15,000 रुपये कीमत की चोरी की यामाहा बाइक (नंबर **MP22F4649**) बरामद कर ली है। आरोपी से पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अर्पित भैरम, सहायक उपनिरीक्षक शिवेंद्र वसूले, प्रधान आरक्षक बालमुकुंद बघेल और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### 10वीं-12वीं के रिजल्ट मई में होंगे जारी

**सिवनी।** मध्यप्रदेश के लाखों स्टूडेंट अपने रिजल्ट का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं फरवरी से मार्च के दौरान आयोजित की गई थी। इसमें प्रदेश के 17 लाख बच्चे शामिल हुए थें।

अब मध्यप्रदेश बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (MPBSE) जल्द ही जारी करने वाला है।

# विद्यालय में लगवाए सीसीटीवी कैमरे



**नरसिंहपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र करेली अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खैरी नाका के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं की सुरक्षा और परिसर की देखभाल को मजबूत करने के लिए जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री प्रतिज्ञा परिहार द्वारा स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। अध्यक्ष सुश्री परिहार के इस कार्य की लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रमेंद्र सिंह जाट ने कहा कि इसके पूर्व भी जनपद अध्यक्ष सुश्री परिहार द्वारा विद्यालयों को एल ई डी भेंट की गई थी, जिससे प्रेरित होकर अन्य सहयोगियों द्वारा भी एलईडी विद्यालयों को भेंट की गई। बी आर सी द्वारा जनपद अध्यक्ष द्वारा विद्यालय के लिए दी गई भेंट हेतु आभार व्यक्त किया है। उक्त अवसर पर पूर्व सरपंच मण्डल अध्यक्ष बृजेश पटेल, सरपंच सुश्री रिया जस्ट, स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही।

### पत्रकार पर हमला निंदनीय, हो कठोर कार्रवाई

**नरसिंहपुर।** ग्राम आमगांव बड़ा में पत्रकार बृजेश दीक्षित पर हुए प्राण घातक हमले की निंदा पत्रकारों सहित अनेक संगठनों ने की है। इस घटना को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है ज्ञापन में उल्लेख किया है कि प्राणघातक चोट पहुंचाये जाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध हत्या का प्रयास का अपराध पंजीबद्ध एवं घायल पत्रकार श्री दीक्षित का समुचित इलाज किया जाकर उन्हें सुरक्षा प्रदान किये जाने एवं आमगांव स्टाफ को निलंबित कर विभागीय जांच की जाए। ज्ञापन में बताया है कि आरोपी गंभीर घटना कारित कर सकते हैं जिससे भी दीक्षित की जान-माल को खतरा बना रहेगा। जागरूक एवं कानून का पालन करने वाले नागरिकगण इन परिस्थितियों में मांग करते हैं कि ब्रजेश दीक्षित के साथ भविष्य में उक्त आरोपीगण के द्वारा पुनः किसी गंभीर अपराध की पुनरावृत्ति को रोकने के लिये तत्काल आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जावे एवं प्रकरण में धारा 109 भारतीय न्याय संहिता 2023 की अभिवृद्धि की जावे एवं ब्रजेश दीक्षित को तत्काल समुचित इलाज उपलब्ध कराया जावे एवं आमगांव चैकी के समस्त स्टाफ को निलंबित कर विभागीय जांच कर कड़ी कार्यवाही की जावे।







### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विश्व स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के सहयोग से किया गया। संस्था में बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। जिसमें जिले के लगभग चार सौ शिक्षक मूल्यांकन कार्य में संलग्न हैं। शिविर के लिए जिला चिकित्सालय से 8 सदस्यीय दल ने संस्था में उपस्थित होकर दिनांक 11 अप्रैल से 12 अप्रैल तक 307 शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसकी रिपोर्ट संबंधित शिक्षक के मोबाइल पर प्रेषित की जाएगी। संस्था प्राचार्य जी एस पटेल ने परीक्षण दल के सदस्यों सुश्री नेहा तिवारी, राहुल देवड़ा, सुश्री प्राची पटेल, सुश्री रीता पटेल, सुश्री रोशनी पटेल, सुश्री बुशरा बी, सुश्री मुमताज, बलवंत करोसिया, आलोक गौतम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता



**नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले ज ग त गु रू शं क रा चा र्य महाविद्यालय श्रीनगर में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह निबंध प्रतियोगिता जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से जल के बचाव व भू- जल में वृद्धि विषय पर आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता के दौरान इस दौरान विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में विस्तार से बताया। उन्हें बताया कि यह अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जल संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य किये जा रहे हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधि सहित आम नागरिक भी अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। विद्यार्थियों को जल का दुरूपयोग नहीं करने और जल का संरक्षण करने को कहा। अपने परिजनों, पड़ोसियों और रिश्तेदारों को अभियान में जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

# तुअर उपार्जन की अंतिम तिथि 20 तक

**नरसिंहपुर।** जिले में तुअर उपार्जन पंजीयन केंद्रों की संख्या बढ़कर 57 कर दी गई जिससे किसानों से अधिक से अधिक पंजीयन कराकर अपनी फसल का विक्रय कर सके। तुअर फसल के उपार्जन के लिए पंजीयन केंद्रों की संख्या में वृद्धि की गई है। जिले भर में कुल 57 केंद्रों पर किसान अपनी उपज बेचने के लिए पंजीयन करा सकेंगे। यह किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि उन्हें पंजीयन कराने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पहले जिले में पंजीयन केंद्रों की संख्या कम थी, जिसके कारण किसानों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, किसानों की इस समस्या को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से पंजीयन केंद्रों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में, उमेश कुमार कटहरे उप संचालक कृषि ने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन विस्तारित केंद्रों पर अपना पंजीयन कराएं। उन्होंने कहा कि पंजीयन कराने से किसानों को अपनी उपज सरकार को बेचने में आसानी होगी और उन्हें उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सकेगा। अधिकारी ने आगे बताया कि पंजीयन प्रक्रिया सरल रखी गई है और किसान आवश्यक दस्तावेज जैसे कि भूमि के कागजात, पहचान पत्र और बैंक खाते की जानकारी के साथ नजदीकी पंजीयन केंद्र पर जाकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पंजीयन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2025 निर्धारित है, इसलिए सभी किसान समय रहते अपना पंजीयन अवश्य करा लें ताकि वे सरकारी उपार्जन योजना का लाभ उठा सकें। नए पंजीयन केंद्रों की सूची जिले के कृषि विभाग के कार्यालय और संबंधित तहसील कार्यालयों में उपलब्ध है किसानों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी तुअर फसल का सरकारी दर पर विक्रय सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द अपना पंजीयन कराएं। यह कदम न केवल किसानों को उनकी उपज का सही दाम दिलाएगा बल्कि उन्हें मंडी में होने वाली परेशानियों से भी बचाएगा।

## धूमधाम से मनाया संकट मोचक का जन्मोत्सव



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर्व के दौरान समीपी ग्राम इमझिरा में जय वीर हनुमान समीति के द्वारा बाल स्वरूप श्री हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन अभिषेक चोल वंदन किया गया। दोपहर 12 बजे पूजन के उपरांत श्री सुंदरकांड पाठ श्री चालीसा पाठ महाआरती का आयोजन किया गया शाम के समय विशाल शोभायात्रा ग्राम के मुख्य मार्गो से निकाली गई।साथ में श्री राम जानकी लक्ष्मण कुमार की जीवंत झांकी भी शोभा यात्रा में साथ रही। रात्रि के समय भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।इस आयोजन में ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### जला पड़ा ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों की मुसीबत



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों प्रतिष्ठित ग्राम डोभी के पाल मुहल्ला का ट्रांसफार्मर जला होने के कारण विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसे लेकर उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मामला प्रतिष्ठित ग्राम डोभी गड़रिया मोहल्ला का है। मुहल्ला वासियों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से बिजली बंद होने के बाबजूद भी विद्युत अधिकारियों द्वारा सुधार की दिशा में अभी तक कोई उचित प्रयास नहीं किए गए हैं।भीषण गर्मी में लोगों को गर्मी से बुरे हाल बनें हुए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि तत्काल प्रभाव से ट्रांसफार्मर बदला जाये नहीं तो उपभोक्ता मजबूर होकर सड़कों पर उतरने मजबूर हो जायेंगे।

# प्रतिदिन हो रही बारिस से किसान परेशान

तेंदूखेड़ा

इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में दोपहर के समय लगातार हो रही अचानक तेज वारिस के कारण जहां आम जन जीवन प्रभावित बना हुआ है। वहीं खेतों में चल रही गेंहू की कटाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। कृषकों का कहना है कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र में अभी बहुत से खेतों में गेंहू की उपज की कटाई कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।जिन किसानों की फसलें कट चुकी है उनके भूसा और गेंहू अभी खुले में ही पड़े हुए हैं। शनिवार और रविवार को अचानक तेज हवाओं के साथ हुई वारिस के कारण गेंहू और भूसा भीग गया है।थ्रेसिंग के बाद बहुत सा गेंहू बाहर ही पड़ा हुआ था।भूसा भीगने से खराब हो जाने की अशंका बनीं हुई है। आने वाले समय में मवेशियों को भूसा खिलाने की समस्या बन जायेगी। किसान किसी भी तरह व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है।

## कन्या भोज, हवन पूजन, यज्ञ व प्रसाद वितरण किया गया



**तेंदूखेडा।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर उमरपानी मे प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थापक गोस्वामी महंत कमल गिरि महाराज के सानिध्य में अखंड रामायण सुंदरकांड हनुमान चालीसा कन्याभोजन हवन पूजन यज्ञ प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर कमल गिरी महाराज ने बताया कि जय हनुमान ज्ञान गुण सागर कलियुग में श्री हनुमान जी महाराज हैं। जहां जहां राम कथा और राम की चर्चा होती है वहां पर हनुमान जी महाराज उपस्थित रहते हैं।11 से 13 अप्रैल तक आयोजित त्रिदिवसीय हनुमत आराधना में अनेक भक्तजन सम्मलित रहे।

### शरद नेमा गोटेगांव नरसिंहपुरः संविधान निर्माता की जयंती आज



**गोटेगांव।** आज गोटेगांव में भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।स्मरण हो कि ये वो नाम है जिनके द्वारा रचित संविधान पर समूचा भारत आज भी चल रहा है। जय भीम सेवा समिति गोटेगांव के तत्वाधान में संविधान निर्माता भारत रत्न परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के 134 में जन्म दिवस ब्लॉक स्तरीय जन्म जयंती समारोह, दिनांक 14 अप्रैल 2025 दिन सोमवार,** कार्यक्रम स्थल बाबा साहब स्मारक नया बाजार गोटेगांव में मनाई जाएगी।जहां पर सभी का एकत्रीकरण होगा तत्पश्चात सुबह 9:00 बजे, शोभायात्रा समय सुबह 10:00 बजे से 12:00 तक, शोभायात्रा बाबा साहब स्मारक नया बाजार से नर्मदा मंदिर होते हुए, फुवारा चौक, पेट्रोल पंप, भगतराम चौराहा ,श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर होते हुए पथरिया कुआं, रिपटा होते हुए बाबा साहब स्मारक नया बाजार,से पुनः नया बाजार में संपन्न होगी। बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला जाएगा और उनसे जुड़े हुए संस्मरण भी जनप्रतिनिधियों द्वारा विचार व्यक्त किए जाएंगे।इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का सानिध्य भी प्राप्त होगा। जिसमें सभी नगर वासी एवं ग्रामवासी से अनुरोध किया गया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।